ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 5, अंक 206, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 15

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 16

पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- किन्हीं कारणों से समय पर प्रवेश न ले पाने वाले छात्रों को सहूलियत

भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है।

यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि यदि भारतीय विश्वविद्यालय वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकें, तो इससे ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि साल में दो बार विश्वविद्यालयों में प्रवेश से छात्रों को प्रेरणा बनाए रखने में मदद मिलेगी क्योंकि यदि वे वर्तमान सत्र में प्रवेश से चूक जाते हैं तो उन्हें प्रवेश पाने के लिए एक पूरा वर्ष इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।



राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले कर्मचारियों को 30 जून तक मनचाहा तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली और एचआरआईटी गाजियाबाद को हरी झंडी

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

एक नजर

ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने मंगलवार को ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है।

हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

बेंगलुरु। कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को हत्या के मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को बताया कि दर्शन और 13 अन्य से रेणुकास्वामी नामक व्यक्ति की हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला।

मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

बुखार से बेटे की हुई मौत सदमे में पिता ने दम तोड़ा

संवाददाता, बिसौली (बदायूं)

अलाउद्दीन

मेंहदी हसन

- हरियाणा में फल का ठेला लगाता था बेटा, चार दिन पहले लौटा था

अमृत विचार : बेटे की मौत का गम पिता बर्दाश्त नहीं कर सका। बेटे के शव को दफन कर लौटे पिता ने सदमे में दम तोड़ दिया। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव परौली निवासी अलाउद्दीन पुत्र भोलू शाह का पांचवें नंबर का बेटा मेंहदी हसन (22) काफी समय से हरियाणा में रहकर ठेला लगाकर फल बेचता था।

सात दिन पहले उसे तेज बुखार आया। दवा ली लेकिन आराम नहीं मिला। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर चार दिन पहले गांव आ गया था। परिजन बिसौली के निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे। मंगलवार सुबह मेंहदी हसन की मौत हो गई। कब्रिस्तान में शव दफन कर सभी घर आ गए। अलाउद्दीन गुमसुम घर में बैठ गए। देर शाम तबीयत बिगड़ी तो परिजन चिकित्सक के पास ले जा रहे थे तभी दम तोड़ दिया। पिता का भी शव बेटे के पास दफन कर दिया गया।

बिजली गुल, जांच के लिए तीसरे दिन भी भटकते रहे रोगी

जिला अस्पताल में एक्सरे, सीटी स्कैन और ब्लड की जांच कराने पहुंचे मरीजों को होना पड़ा मायूस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : पिछले तीन दिन से जिला अस्पताल में बिजली संकट बना हुआ है। बिजली नहीं आने से अस्पताल में कोई काम नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीज वापस लौट रहे हैं। आठ बजे से बिजली गुल रहने से मरीजों को भारी परेशानी करनी पड़ी। एक्स-रे कराने वालों की आज भारी भीड़ लगी रही। चार बजे के बाद लाइट आई तब तक मरीज वापस लौट गए। आठ घंटे की कटौती से अस्पताल में मरीज परेशान रहे।

जिला अस्पताल में तीन दिन से बिजली संकट बना हुआ है। रविवार को अवकाश रहा। लेकिन दिन भर बिजली गुल रही जिससे वार्ड में भर्ती मरीज व्याकुल रहे। सोमवार को सुबह आठ बजे बिजली थी। सीटी स्कैन मशीन शुरू की गई। दो मरीजों का सीटी स्कैन हो पाया तभी बिजली गुल हो गई। उसके बाद बिजली दो बजे तक नहीं आई। मात्र पांच मिनट को आती फिर गुल हो जाती जिससे अस्पताल में कोई काम नहीं हो सका। मंगलवार को सुबह आठ बजे सीटी स्कैन कराने वाले मरीज जिला अस्पताल पहुंच गए। तीन मरीजों के सीटी स्कैन हो गये। तभी बिजली गुल हो गई। जबकि आज मरीजों की भीड़ बेशुमार रही। सीटी स्कैन सेंटर मैनेजर नसीर खान ने बताया कि बिजली गुल होने के बाद से मशीन नहीं चली है। पांच मिनट को सप्लाई आइ जैसे ही मशीन चालू की गई तो फिर बिजली चली गई।

एक्सरे कराने आई महिला इंतजार करते-करते सो गई।

- अस्पताल का जनरेटर भी रहता है बंद, लोगों को हो रही दिक्कत

एक सप्ताह स खराब है जनरेटर : सीटी स्कैन सेंटर का जनरेटर भी एक सप्ताह से खराब है जिससे बिजली आने पर ही मशीन चलाई जाती है। बिजली संकट के चलते जहां मरीजों की भारी भीड़ रहती है वहीं गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम चार बजे के बाद जब सप्लाई शुरू हुई तो कुछ लोगों के सीटी स्कैन हो सके। लेकिन दो बजे ही लगभग सभी मरीज वापस लौट चुके थे। अस्पताल में मरीजों के कहने पर भी जनरेटर नहीं चलाया गया। उधर एक्स-रे कराने वाले मरीजों की भी भारी भीड़ लगी रही।

सहसवान क्षेत्र से आई एक वृद्ध महिला एक्स-रे कराने को सुबह से दोपहर तक इंतजार करती रही लेकिन बिजली नहीं आई जिससे वह वहीं फर्श पर लेट गई और सो गई। बिजली संकट के चलते पैथोलॉजी लैब पर भी ब्लड रिपोर्ट लेने वालों की भीड़ लगी रही। बिजली नहीं आने से ब्लड रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी। रिपोर्ट लेने आए दर्जनों मरीज दो बजे के बाद वापस लौट गए। बिजली नही आने से सबसे अधिक दिक्कत ब्लड बैंक को हो रही है। यहां पर मशीनों में रखा गया ब्लड खराब होने का भय बना रहता है। इसलिए ब्लड बैंक के लिए कुछ देर बाद जनरेटर चलाया गया। लेकिन एक घंटे के बाद ही उसे बंद कर दिया गया। बिजली गुल होने से ब्लड बैंक स्टाफ को परेशानी हुई।

पानी के लिए दिनभर परेशान हुए रोगी व तीमारदार

अस्पताल में इस समय करीब 102 मरीज विभिन्न बीमारियों के भर्ती हैं। बिजली नहीं आने से ये सभी मरीज भीषण गर्मी के कारण परेशान रहे। बिजली संकट के चलते पेयजल समस्या भी पैदा हो गई। आरओ का पानी ठंडा नहीं होने से मरीजों और तीमारदारों को हैंडपंप से पानी लेना पड़ा। बिजली सप्लाई बाधित रहने से जिला अस्पताल में हर स्तर पर परेशानी हो रही है।

अस्पताल को आने वाली लाइन का तार सोमवार को टूट गया था। जिसे देर शाम ठीक करा दिया गया। रात को सप्लाई ठीक रही। लेकिन दिन में सुबह साढ़े आठ बजे के बाद फिर वही समस्या पैदा हो गई। सप्लाई ठप होने के कारण न तो एक्स-रे हो सके और न ही सीटी स्कैन हुए। मरीजों को परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रांगण में बिजली घर को सप्लाई नहीं मिल रही है। जिससे यहां दिक्कत हो रही है। शाम चार बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो गई। जिसके बाद ही कुछ कार्य कराए गए हैं। **-डॉ. कप्तान सिंह**, सीएमएस

भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार, गंगा दशहरा पर रहेगी सुरक्षा

उसहैत, अमृत विचार : आगामी दशहरा और बकरीद त्योहार को लेकर सीओ उझानी शक्ति सिंह व थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर हरवीर सिंह द्वारा पीस कमेटी की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। नागरिकों से आपसी सौहार्द भाईचारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आह्वान किया गया। ईद उल अजहा पर नमाज निर्धारित स्थान पर ही हो। बैठक में निर्देश दिए कि कुर्बानी खुले में न की जाए। अवशेष किसी निर्धारित जगह पर गड्ढा खोदकर दवाएं, झूठी अफवाह फैलाने वाले अराजक तत्वो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। गंगा दशहरा और ईद जैसे त्योहार शांति और सौहार्द के प्रतीक हैं। इन त्योहारों को शांति और सौहार्द पूर्वक मनाये। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश सिंह को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। प्रधान पति रमजान अली, प्रधान नवीजमा, प्रधान महताब सिंह, प्रधान बीपी सिंह, प्रधान ध्यान पाल सिंह, प्रधान शुभानी केशव भारद्वाज, साबिर अली, सुरेंद्र कुमार, सुरेश दिवाकर आदि रहे।

मानक के अनुसार नहीं बन रही सड़क, डीएम से की शिकायत

कस्बे में बनाई जा रही सड़क। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : नगर में हार्ड मिक्स और इंटरलॉकिंग सड़क को तोड़कर पाइप लाइन डालने का काम काफी समय से चल रहा है। पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा सड़क की मरम्मत मानक के अनुसार नहीं की जा रही है, इसकी शिकायत डीएम को पत्र भेजकर की है।

जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में अली मोहम्मद, अरुण, हारून, दीपक, मोहम्मद यासीन, गफ्फार खान, राममोहन, जगदीश आदि ने बताया कि नगर में घर-घर जल पहुंचाने के उद्देश्य से हार्ड मिक्स और इंटरलॉकिंग सड़क को तोड़कर पाइप लाइन डाली जा रही है। पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदार सड़क की मरम्मत का काम मानक के अनुसार नहीं कर रहा है। नाम मात्र की बजरी वह कोलतार मिलाया जा रहा है। हार्ड मिक्स सडक को मशीन के स्थान पर हाथ से डाला जा रहा है। जिससे सड़क पर बजरी ठीक से नहीं चिपक रही है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सड़क को उसी प्रकार बनाया जाएगा जिस प्रकार सड़क पूर्व में बनी थी, अगर इसमें कोई लापरवाही ठेकेदार द्वारा की जा रही है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सीएमएस की बढ़ी मुश्किलें, मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में पिछले महीने हुई दो बच्चों की मौत का मामला अब अस्पताल प्रशासन को गले की फांस बनता जा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मानवाधिकार आयोग और स्वास्थ्य निदेशालय ने पत्र जारी कर अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगा है। इस प्रकरण को लेकर अब सीएमएस की मुश्किलें बढ़ती दिख रहीं हैं।

जिला महिला अस्पताल में पिछले महीने 24 घंटे में दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। प्रसूताओं का आरोप था कि प्रसव के बाद स्टाफ को मुंह मांगी रकम नहीं मिलने पर शिशु की देखभाल नहीं की, जिससे नवजात शिशुओं की मौत हो गई। शिशुओं की मौत के बाद पीड़ित परिवार ने सीएमएस से शिकायत भी की, जिस पर जांच करने का आश्वासन दिया गया था। करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी उक्त प्रकरण में जांच नहीं की गई और न ही दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत मानवाधिकार आयोग व स्वास्थ्य निदेशालय को भी अवगत कराया गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मानवाधिकार आयोग दिल्ली ने सीएमएस से जवाब तलब किया है। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा 7 जून को दिल्ली गए। वहां पर आयोग के समक्ष पेश हुए। उधर लखनऊ स्थित स्वास्थ्य निदेशालय से भी जिला महिला अस्पताल को पत्र जारी किया गया है। पत्र में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में जानकारी मांगी गई है। इस प्रकरण को लेकर जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से लिया है। किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराने की बात कही जा रही है। जिला महिला अस्पताल में इस तरह की कई शिकायतें की गयी हैं। जिन पर अलग अलग जांच चल रही है। इससे पूर्व भी अनेक मामलों में जिला महिला अस्पताल की लापरवाही की शिकायत पड़ी हुई है। युवा संगठन मंच द्वारा कमिश्नर से की गयी शिकायत भी भ्रष्टाचार के मामले की है। अवैध वसूली और लापरवाही को लेकर शिकायत की गयी है। जिसकी जांच लंबित है। युवा संगठन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने का कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष नहीं कराई गयी तो संगठन जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

- शिशुओं की मौत पर मनवाधिकार आयोग ने भेजा नोटिस
- जिला महिला अस्पताल में कुछ दिन पहले हुई थी दो शिशुओं की मौत

पिछले दिनों दो नवजात की मौत की शिकायत की गयी थी। जिसको लेकर दिल्ली स्थित मानवाधिकार आयोग ने जानकारी लेने को बुलाया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि अवैध वसूली के लिए उन पर दबाव बनाया गया। रुपए नहीं देने पर शिशु की देखभाल नहीं की गयी। इन आरोपों पर जवाब मांगा गया है। अब यहां स्टाफ से इस बाबत पूछताछ की जाएगी उसके बाद जवाब भेजा जाएगा। **-डा. इंदु कांत वर्मा**, 5 सीएमएस

ओडीओपी प्रशिक्षण और टूलकिट योजना के लिए करें आवेदन

बदायूं, अमृत विचार : जिला उद्योग प्रोत्साहन और उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण और टूलकिट योजना के अंतर्गत आवेदक को प्रशिक्षण और टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

योजना के अंतर्गत जरी-जरदोरी कार्य से जुड़े लोग इस प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, एससी व ओबीसी वर्ग से होने पर जाति प्रमाण पत्र, आयु व आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता का अंतिम प्रमाण पत्र की छायाप्रति जरूरी है। आवेदक की आयु 18 साल से कम नहीं होनी चाहिए और आवेदक स्थायी निवासी होना चाहिए।

कीट से बचाने को दवा का सही मात्रा में करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिले में करीब 22 हजार हेक्टेयर रकबे में गन्ना की फसल है। गन्ना की फसल को कीटनाशक से बचाने को चीनी मिल और गन्ना विभाग पिछले एक महीने से अभियान चला रहा है। गांव-गांव अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक पहुंच रहे हैं। किसानों को कीटनाशक के छिड़काव की विधि बतायी जा रही है। आज न्योली चीनी मिल के गांव सरोता में संयुक्त रूप से गन्ना सर्वे का निरीक्षण किया गया।

न्योली चीनी मिल ने भी यहां के किसानों का कुछ गन्ना खरीदा है। गांव सरोता में मंगलवार को चीनी मिल के महाप्रबंधक, गन्ना सर्वेयर व सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक गन्ना विकास परिषद अधिकारियों के साथ पहुंचे। संयुक्त गन्ना सर्वे के औचक निरीक्षण में एक गन्ना किसान के खेत पर पहुंच कर अधिकारियों ने गन्ने की पौधे को बारीकी से देखा। गन्ने की जड़ पर मिट्टी लगाने की सलाह दी। गन्ने के खेत में नमी बनाए रखने का सुझाव दिया गया।

गन्ना की फसल का निरीक्षण करते ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि गन्ने की फसल पर कीट रोग नियंत्रण के लिए कृषकों को सही मात्रा में कीटनाशक का उपयोग करना चाहिए। खेत में सर्वे के साथ पर्णीय छिड़काव कराया जा रहा है। उर्वरक लगाते समय भी मात्रा का ध्यान रखा जाना चाहिए। सही मात्रा में लगाए जाने वाला उर्वरक गन्ने की पौधे को ताकत देता है जबकि अधिक मात्रा में उर्वरक लगाने से पौधे को नुकसान हो सकता है। इसलिए इन बातों का विशेष ध्यान रखा जाए।

न्योली चीनी मिल के महाप्रबंधक ने कहा कि जिन किसानों ने इस साल गन्ना तैयार किया है उन्हें गन्ना समिति का सदस्य बनने को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके साथ ही किसानों को घोषणा पत्र भी भरना होगा। घोषणा पत्र भरते समय विभाग को सही जानकारी दी जाए। किसानों को यदि किसी तरह की जानकारी चाहिए तो वह गन्ना विभाग से मिल कर जानकारी ले सकते हैं। न्योली चीनी मिल का गन्ने का रकबा बढ़ा नहीं है। जबकि अन्य चीनी मिलों का रकबा कुछ बढ़ा है।

- ऑनलाइन बनेंगे नए सदस्य घोषणा पत्र भरें किसान
- गांव सरोता में किया गन्ना सर्वे का संयुक्त निरीक्षण

जनपद में बिसौली की यदु शुगर मिल के गन्ने का रकबा करीब 60 प्रतिशत है। जबकि सभी चीनी मिलें 40 प्रतिशत में हैं। बिसौली और शेखूपुर चीनी मिल अपने क्षेत्र में गन्ना सर्वे का कार्य पूरा कर चुकी हैं। अब न्योली और मझोला फरीदपुर चीनी मिलों का कुछ रकबा निरीक्षण को बचा है जिसका भी जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा। **-अशोक कुमार**, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक

समाधान न होने पर होगा अनिश्चित कालीन धरना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू चढ़ूनी गुट ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। धरना स्थल पर किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार निरंकार सिंह को सौंपा और समस्याओं के जल्द निस्तारण करने की मांग की है।किसानों ने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मंगलवार को भाकियू चढ़ूनी गुट ने मालवीय आवास गृह पर धरना दिया। धरने पर आयोजित पंचायत में जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि अंबियापुर ब्लॉक के ग्राम खैरी व सिरासोल सीताराम पट्टी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने शौचालयों में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा धांधली कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। इसकी कमेटी गठित कर जांच कराई जाए, सिरासौल सीताराम पट्टी, पिंडोल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्रों को आवास का लाभ दिए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई । वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने कहा जिलाधिकारी कार्यालय के सामने हर समय जाम लगा रहता है। टीएसआई डग्गामार वाहनों से अवैध वसूली करते हैं। इसलिए उन्हें पुलिस का भय नहीं है। यही स्थिति उझानी नगर के हलवाई चौक चौराहा की है। यहां पर सड़कें अतिक्रमण की जद में हैं। यहां से अतिक्रमण हटाया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी पर बने सरकारी आवासों को चिकित्साधीक्षक द्वारा संविदा कर्मचारियों को नियम विरुद्ध किराये पर दिया गया है। इसकी जांच कराकर चिकित्साधीक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उझानी ब्लॉक क्षेत्र के सकरी जंगल व उझानी-नरऊ मार्ग पर जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाए। तहसील अध्यक्ष बिल्सी इरशाद खां आरिफ रजा ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित पोषाहार वितरण और खराब हैंडपंप सही कराए जाने, प्राइवेट स्कूलों में अवैध रूप से हो रही कॉपी, किताबों व ड्रेस व जूते-मोजों की बिक्री पर रोक लगाई जाए।

नायब तहसीलदार निरंकार सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकियू चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ता।

- किसानों ने धरना देकर डीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन

इस मौके पर रईस अहमद, साकिर खां, बब्बू खां, वसीम खां, राम रईस, अनवर शाह, राजवीर, भगवान दास, इरफान अहमद, ओंकार, तबारक अली, छोटे खां, इरशाद, कासिम अली, वसीम खान, सिद्धार्थ कुलदीप, सर्वेंद्र यादव, आरिफ राज, रमेश यादव, शिव देवी आदि लोग मौजूद रहे।

सफाई का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

जेसीबी से नालों की सफाई कराते चेयरमैन नवाब हसन। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

अमृत विचार : बारिश से पहले कस्बे में नालों की सफाई करा दी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष नवाब हसन ने सफाई अभियान का निरीक्षण किया। मंगलवार को कस्बे में सफाई अभियान शुरू किया गया। नालों की गंदगी जेसीबी से निकाली गई। सड़कों पर डाली गई सिल्ट को जल्द ही हटाने के निर्देश सफाई कर्मियों को दिए। इस मौके पर नगर पंचायत कर्मी भी मौजूद रहे।

गांव समदा में लेखपाल ने कब्जा मुक्त कराए चकमार्ग

गांव समदा में चकमार्गों को कब्जा मुक्त कराते हल्का लेखपाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

अमृत विचार : चकमार्ग पर कब्जे की शिकायत पर मंगलवार को एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल सत्यपाल यादव ने गांव समदा में पैमाइश की।

उन्होंने प्रधान भगवानदास की मौजूदगी में मार्ग को कब्जा मुक्त करने को कब्जेदारों से कहा। कुछ दिन पहले गांव के सुखबीर, सोरन सिंह, किशन लाल, किशोरी लाल, अतर सिंह, नेत्रपाल ने एसडीएम से चकमार्ग को कब्जा मुक्त करने की शिकायत की थी। लेखपाल ने कब्जेदारों से कहा कि यदि मार्ग कब्जा मुक्त नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

- गांव के लोगों ने कुछ दिन पूर्व एसडीएम से की थी शिकायत

फंदे पर मिला युवक का शव हत्या का आरोप

नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार : इस्लामनगर के एक गांव निवासी युवक का शव खेत पर स्थित पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी वीर सिंह (32) पुत्र मोर सिंह गाजियाबाद में रहकर नौकरी करते थे। 15 दिन पहले वह गांव आए थे। मंगलवार देर शाम उनका शव थाना उघैती क्षेत्र के गांव कोठा के पास पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। आसपास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर वीर सिंह के परिजन आ गए। वीर सिंह के शरीर पर चोट के निशान के आधार पर हत्या की आंशका व्यक्त की। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चराग गुल थे मगर हर तरफ उजाला था

संवाददाता, ककराला

अमृत विचार : कस्बे के मुख्य बाजार में सोमवार की रात मशहूर शायर शहरयार खान चांद ककरालवी के काव्य संग्रह '' मोम के लोग'' के विमोचन के अवसर पर कुल हिंद मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मीरगंज बरेली से तशरीफ़ लाये शायर अकील नोमानी ने कहा- चराग़ गुल थे मगर हर तरफ उजाला था, वो पहली बार मेरे पास आने वाला था। शायर कमल हातवी ने पढ़ा- तुम बिना कोई बहाना भी तो आ सकता, वरना मै रोज़ तो बीमार नहीं हो सकता। आमिर शेख ने कहा- हम भी कहने के लिए कह दें मगर, कितना मुश्किल है किसी का होना। कामिल उरोल्वि ने कहा- पेश करते हैं जो तस्वीर को उल्टा कर के, कहीं रख दे न ज़माना उन्हें सीधा कर के। आग़ाज़ साक़ी कहा- चीख़ तो खूब अंधेरों की सुनी मुंसिफ ने, फैसला दे दिया सूरज की तरफदारी में।

मुशायरे में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

- ककराला में हुआ ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन

अज़मत जीलानी ने अपने शब्द कुछ यूं बयां किए- अगले दो राहे पे हम लोग बिछड़ जायेंगे, आओ इस मोड़ पे कुछ देर ठहर जाते हैं। शमीम ककरालवी ने पढ़ा- नन्ने मुन्ने बच्चे थे तो कितना खुश रहता था बाप, जब से बच्चे बड़े हुए हैं सहमा सहमा रहता है। डाक्टर तौहीद अख्तर कहा- उठ तो आये हैं उनकी महफिल से, रह गयीं हैं मगर वहीं आँखें। ज़ाकिर अली ज़ाकिर शेर सुनाते हुए कहा- तमाम ज़िंदगी फ़िर लौट कर नहीं आया,महाज़े इश्क की जानिब अगर गया कोई। सोहराब ककरालवी ने शेर पढ़ा- रंग उसका और मेरा एक जैसा हो गया, चाँद की सोहबत से दरिया भी सुनहरा हो गया। डॉ. हिलाल ने पढ़ा- मोहब्बत कुछ नही है इक नशा है, जिसे होश आये वही बेवफा है। अरशद रसूल शेर सुनाया ने भी शेर सुनाया। इस मौके कमल हातवी को शहरयार ककरालवी अवॉर्ड, खालिद नदीम बदायूनी को पयामें ककरालवी अवॉर्ड दर्द देहलवी को अब्र गुन्नौर अवार्ड से नवाज़ा गया । मुशायरे की निज़ामत डॉ. हिलाल बदायूंनी ने की ।



आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

43.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.12 | सूर्यास्त 7.08

खेत से चारा लेकर लौट रहे किसान की पीटकर हत्या

गांव दियोरी का मामला, मारपीट करने के बाद हरिराम को खींचकर अपने घर ले गए थे हमलावर

कार्यालय संवाददाता, दातागंज

अमृत विचार : खेत से चारा लेकर आ रहे किसान की पीटकर हत्या कर दी गई। बेटी व भतीजे को घायल कर दिया। मृतक की बेटी की तहरीर पर दस हमलावरों के खिलाफ हत्या, बलवा, मारपीट, धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। परिजनों के अनुसार किसान ने डकैती के एक मामले में शनिवार को कोर्ट में गवाही दी थी। इसी खुन्नस में हत्या की गई। जमीन को लेकर भी विवाद चल रहा है।


मृतक हरिराम।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। जमीन को लेकर लगभग एक साल से गांव निवासी महेश, राजपाल, संतोष, वीरेश उर्फ विजय पाल के साथ विवाद चल रहा था। आरोप है कि वे लोग गांव के प्रधान इरेंद्र की मदद से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। दोनों पक्ष के बीच कई बार कहासुनी और मारपीट हो चुकी है जिसमें मुकदमेबाजी भी हुई। परिजनों के अनुसार डकैती एक मामले में तीन दिन पहले हरिराम ने कोर्ट में गवाही दी थी। जिसके बाद अगले दिन गांव में पंचायत हुई जिसमें तय किया गया कि कोर्ट का फैसला ही माना जाएगा। दोनों के बीच कोई विवाद नहीं रहेगा।

मंगलवार सुबह लगभग छह बजे हरिराम खेत से चारा काटकर आ रहे थे। हरिराम की बेटी मीरा के अनुसार राजपाल, वीरेश, महेश, संतोष, राजपाल की पत्नी आशा, अनुज पुत्र संतोष, ग्राम प्रधान इरेंद्र, रिंकू, मुनेंद्र आदि ने उसके पिता को रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। जमीन देने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्होंने पिता को बुरी तरह से पीटा। इसके बाद खींचते हुए अपने घर ले गए जहां बंधक बनाकर पीटा और मरणासन्न कर दिया। बताया कि पास में ही तमंचा और कारतूस डाल दिया जिससे लगे कि उसके पिता आरोपियों को मारने के लिए आए थे। इसके बाद आरोपियों ने डायल 112 को सूचना दी। मीरा ने बताया कि शोर सुनकर वह और उसके चाचा नौबत का बेटा अवनीश पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

पुलिस मौके पर पहुंची। हरिराम, मीरा, अवनीश को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हरिराम की मौत हो गई जबकि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। मीरा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मृतक के परिजनों के अनुसार हमलावर विजय पाल व राजपाल खुद को घायल बताकर अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। पुलिस ने दोनों को अभिरक्षा में ले लिया है। शेष हमलावरों की तलाश की जा रही है।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक किसान के परिजन। ● अमृत विचार

- **डकैती के मामले में हरीराम ने कोर्ट में दी थी गवाही, दो दिन पहले हुई थी पंचायत**

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी में मारपीट की सूचना आई थी। किसी ने चार-पांच लोगों के घायल होने की बात कही थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी। हरिराम को अस्पताल ले जाया गया। उनकी मौत हो गई थी। रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
– **केके तिवारी**, सीओ दातागंज

तमंचा दिखाकर दबंग ने धमकाया, वीडियो वायरल

वायरल वीडियो से लिया गया तमंचा लहराते हुए युवक का स्क्रीन शॉट। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, ओरछी

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी दो पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया है। एक पक्ष का युवक तमंचा निकाल आया और लहराने लगा।

किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया है। फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव भूड़ बिसौली में चार दिन पहले दो पक्ष में बच्चों को लेकर विवाद हो गया था। गांव निवासी शादाब पुत्र खुर्शीद तमंचा लेकर आया और लहराते हुए दूसरे पक्ष के शफी आलम खां को धमकाने लगा। वीडियो पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने आरोपी शादाब को पकड़कर रिपोर्ट दर्ज की और जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी को किया सीज

संवाददाता, कुंवरगांव

अमृत विचार : थाना सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिस की मिली भगत से अवैध खनन का कारोबार तेजी के साथ चल रहा है। खनन विभाग की टीम ने मंगलवार को सिलहरी और गुरु पुरी के जंगल में मिट्टी का अवैध खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी पकड़ ली। थाने लाकर सीज कर दी गयी। जिससे खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव उझौली में खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली से युवक की कुचलकर मौत हो जाने के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। सोशल मीडिया पर खनन विभाग और पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे, तो प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक कर खनन विभाग की टीम गठित की। उच्च अधिकारियों के आदेश पर टीम ने सिलहरी और गुरुपुरी के जंगल में जेसीबी मशीन से मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। थाने लाकर सीज कर दिया ।

थाने में खड़ा मिट्टी भरा ट्रैक्टर ट्राली।

रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी है। मंडी समिति और मझिया रोड पर बन रही कालोनियो में लम्बे समय से भराव डाला जा रहा है। लोगों का कहना है कि खनन के संबंध में पुलिस को जानकारी रहती है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है।

- **गांव शिकारपुर में कार्रवाई से खनन माफिया में मची खलबली**

सोमवार की रात गांव शिकारपुर में खनन हो रहा था ग्रामीण अरविंद पटेल ने जब खनन अधिकारी बृज बिहारी के मोबाइल पर फोन किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, फिर उन्होंने क्षेत्रीय प्रतिनिधि को फोन किया, क्षेत्रीय प्रतिनिधि के फोन पर खनन अधिकारी बृज बिहारी मौके पर पहुंचे, लेकिन संबंधित पुलिस चौकी पर तैनात चर्चित सिपाही ने खनन कर रही जेसीबी के मालिक को फोन कर अवगत करा दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खनन अधिकारी द्वारा पकड़ी गई जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया गया है और रिपोर्ट भेज दी गई।

मंडी समिति में संभल के युवक की संदिग्ध हालात में मौत

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी की गल्ला मंडी में पल्लेदारी करने वाले जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र निवासी युवक की सोमवार रात मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। शव अपने साथ ले गए। उन्होंने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार कर दिया।

संभल जिला के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव चितौरा निवासी राजीव कुमार पुत्र स्वराज सिंह लगभग 10 साल से बिल्सी मंडी समिति में पल्लेदारी और पुरानी बोरियों को सिलने का काम करते थे। वह मंडी में ही रहते थे। सोमवार रात काम निपटाने के बाद वह मंडी में सो गए थे। रात में उनकी तबियत बिगड़ गई। वह दवा ले आए और लेट गए। मंगलवार सुबह आढ़ती मंडी पहुंचे। राजीव को आवाज लगाई लेकिन वह नहीं उठे तो हिलाकर देखा। उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

अफवाह पर पहुंची पुलिस ने रुकवाया निर्माण

संवाददाता, कादरचौक

अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव के कब्रिस्तान में निर्माण कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस को मस्जिद बनवाने की सूचना दी। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह और नायब तहसीलदार हेमराज सिंह मौके पर पहुंचे। पता चला कि कब्रिस्तान में एक व्यक्ति अपने परिजन की पक्की कब्र का निर्माण करा रहा था। पुलिस ने काम रुकवा दिया। नायब तहसीलदार ने अभिलेख चेक किए।

मामला थाना कादरचौक क्षेत्र में कैथल मार्ग का है। एक कब्रिस्तान में पेड़ों के बीच निर्माण कार्य चल रहा था। आसपास खेतों पर काम करने वाले लोगों को लगा कि मस्जिद का निर्माण चल रहा है। तो पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। ग्रामीण और निर्माण कर रहे लोगों से जानकारी की। सीओ उझानी शक्ति सिंह और एसडीएम एसपी वर्मा को सूचना दी।

नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि कस्बा कादरचौक निवासी व्यक्ति कब्र का पक्का निर्माण करा रहा था। थानाध्यक्ष ने निर्माण संबंधी अनुमति मांगी लेकिन वह लोग नहीं दिखा सके जिसके चलते निर्माण कार्य रुकवा दिया गया।

चेतावनी दी कि अगर बिना अनुमति के निर्माण कराया तो कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने निर्माण कार्य तुड़वाया। पड़ोस की खेत मालिक उर्मिला देवी ने शराफत अली के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि अवैध रूप से निर्माण होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे थे। अवैध निर्माण तुड़वाया गया है। नायब तहसीलदार जांच कर रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कब्रिस्तान में कराया गया पक्का निर्माण।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- **कैथल गांव में एक व्यक्ति अपने परिवार के मृतक सदस्य की बनवा रहा था पक्की कब्र**
- **शिकायत पर पहुंची पुलिस और नायब तहसीलदार ने रुकवाया निर्माण कार्य**

सिम कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर से 1.98 लाख रुपये की ठगी

बदायूं, अमृत विचार : कस्बा वजीरगंज निर्माण प्रदीप कुमार एक सिम कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। उन्होंने बताया कि वह एक पेट्रोल पंप के मालिक भी हैं। साइबर ठगों ने उनके मोबाइल नंबर की एक क्लोन सिम तैयार की और उनका मोबाइल हैक करके 7, 8, 9 और 10 जून को एक लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइक पर खाते से रुपये निकलने के मैसेज आए तो जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

टीम ने पकड़ी बिजली चोरी, दर्ज कराई रिपोर्ट

दातागंज। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय आरएन वर्मा के निर्देश पर मार्निंग मास रेड अभियान के अंतर्गत कस्बा दातागंज में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। तीन लोग कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। वार्ड 12 निवासी नजरीन, दियूरिया पार निवासी सूरजपाल और सुरजीत कश्यप के यहां से चोरी पकड़ी। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चेकिंग करने वाली टीम में तहसील दातागंज क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी इंजीनियर मोहम्मद ताजिम, अवर अभियंता बालमुकुन्द सिंह आदि रहे।

शातिर निकला बालक से कुकर्म करने का आरोपी, भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का नौ साल का बेटा शनिवार दोपहर एक बजे अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। एक युवक उसके पास आया। कुछ देर उससे बात की और दुकान से टॉफी दिलाने का बहाना बनाकर बालक को अपने साथ ले गया था। रास्ते में उसने बालक को अपने मकान के कमरे में चार्ज हो रहा मोबाइल लेकर आने को कहा। बालक कमरे में भीतर चला गया। आरोपी पीछे से कमरे में गया और बालक के साथ कुकर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बालक रोते हुए अपने घर गया। पूछने पर उसने अपने परिजनों को आपबीती बताई। बालक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को गांव बरसुनिया निवासी मुनेंद्र उर्फ खान सहाय पुत्र मोर सिंह के खिलाफ कुकर्म, धमकाने, कैद करने और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। मुखबिर की सूचना पर देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ पहले से धोखाधड़ी, बेइमानी से संपत्ति प्राप्त करने आदि की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह, सिपाही पवन कुमार रहे।

- **8 जून को टॉफी देने के बहाने बालक को ले जाकर किया था कुकर्म**

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी मुनेंद्र।

भ्रष्टाचार का आरोप लगा किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी ने प्रांतीय आह्वान पर नीट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। मालवीय अध्यापक आवास गृह पर धरना-प्रदर्शन करने के बाद पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय जाकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार को मालवीय अध्यापक आवास गृह पर एकत्र हुए। नीट में धांधली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को सरकार ने एक और झटका दे दिया। कहा कि केंद्र सरकार संवेदनहीन है। सरकार ही पेपर लीक कराने की जिम्मेदार है। जिसके चलते नौजवानों को उज्ज्वल भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं। उन्होंने कहा कि नीट का परिणाम 14 जून को आना था लेकिन लोकसभा चुनाव के दिन ही परिणाम घोषित कर दिया गया। कहा कि सवाल है कि किस गुनाह को छिपाने के लिए परिणाम उसी दिन घोषित किया गया। जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गए, एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिए। कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिए हैं जो असंभव है। एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 4 या 5 नंबर कम होने चाहिए, तो 718 और 719 नंबर कैसे दिए जा सकते हैं। ज्ञापन देकर उन्होंने नीट के परिणाम की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों को जेल भेजने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष अशोक सिसौदिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता पटेल, कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, ओमपाल, पुष्कर पाल, राकेश सोलंकी आदि रहे।

प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- **प्रांतीय आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन**

धोखाधड़ी करने के मामले की एफआर और केस डायरी गायब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला मीराजी निवासी हरीश कुमार ने साल 2007 में छोटे लाल के खिलाफ प्लाट के विवाद में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसका अपराध संख्या 1833/2007 थी। पुलिस ने जांच की थी। साक्ष्य न मिलने पर पुलिस ने साल 2008 में इस मामले में एफआर लगा दी थी। जिसकी एफआर संख्या 15/2008 केस डायरी समेत सीओ सिटी को भेजी गई।

जिसके बाद से एफआर और केस डायरी गायब हो गई है। मुकदमा के वादी हरीश कुमार ने उनके मामले में प्रगति जानने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने पुलिस से प्रगति आख्या मांगी। पुलिस ने सीओ सिटी की पेशी कार्यालय में फाइल तलाश की। जहां न मिलने पर सदर कोतवाली में अभिलेख चेक किए गए। दोनों ही जगह अभिलेख नहीं मिले। सीओ सिटी आलोक मिश्रा के निर्देश पर सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने सरकारी संपत्ति या वस्तु के लोकसेवक के पास से गायब होने की रिपोर्ट दर्ज की है। सदर कोतवाल ने बताया कि अभिलेख कहीं गायब हो गए हैं। किससे गायब हुए हैं इसकी जानकारी की जा रही है। जांच के बाद जल्द ही पता चल जाएगा कि अभिलेख कहां हैं।

- **शहर निवासी हरीश कुमार ने 2007 में दर्ज कराई थी रिपोर्ट, अगले साल लगी थी एफआर**

निकाह का झांसा देकर भाई की साली से बनाए संबंध

बिसौली, अमृत विचार : बड़ी बहन के देवर ने शादी का झांसा देकर एक युवती से एक साल तक संबंध बनाए। शादी की बात की तो आरोपी ने मारपीट की। पीड़िता के पिता ने पांच दिन पहले तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

बिसौली के एक गांव निवासी युवती की बड़ी बहन का निकाह संभल जिले के एक गांव निवासी युवक से डेढ़ वर्ष पहले हुआ था। शादी के बाद बहन का देवर पीड़िता के घर पर आने लगा। इसी बीच दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। आरोपी ने युवती को शादी करने का झांसा दिया और शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता ने जब निकाह करने को कहा तो आरोपी टालमटोल करने लगा। परिजनों ने जब युवक से कहा तो वह गाली गलौज और मारपीट करने लगा। इस प्रकरण में पीड़िता के चाचा ने थाना बिसौली में पांच जून को आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने अब तक रिपोर्ट दर्ज न हीं की है। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि अब वे मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे। बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत ने बताया कि इस प्रकार की तहरीर नहीं आई है। अगर शिकायत आएगी तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद ग्रामीणों ने पकड़ी पिकअप। ● अमृत विचार

संवाददाता, बगरैन

अमृत विचार : बिसौली के गांव हर्रायपुर निवासी राहुल यादव (25) पुत्र पप्पू यादव मंगलवार को किसी काम से आंवला मार्ग की ओर बाइक से जा रहे थे।

गांव पेपल में बिसौली की ओर से तेज रफ्तार से आई पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना पर युवक के परिजन और बगरैन चौकी प्रभारी सुपेंद्र मलिक पहुंचे। एंबुलेंस बुलाकर युवक को इलाज के लिए भेजा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

प्लेटफार्म पर नहीं भीगेंगे यात्री, बदले गए टिनशेड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। कई नए कार्य कराए जा रहे हैं। अब रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से प्लेटफार्म दो को जाने वाले फुट ओवरब्रिज का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। बर्षों पहले डाले गए टिनशेड को हटा कर नया टिनशेड डाला जा रहा है।

फुट ओवरब्रिज पर पड़ा टिनशेड जगह-जगह से टूट गया था जिससे बरसात में पानी टपकता था। पानी टपकने से लोहे के कई एंगल भी गल चुके हैं, जिन्हें अब बदला जाना है। इस समय ओवरब्रिज का टिनशेड बदला जा रहा है। शेष कार्य उसके बाद किए जाएंगे। रेलवे विभाग के सौंदर्यीकरण करा रहे अधिकारी का कहना है कि पूरे ओवरब्रिज की लंबाई करीब 60 मीटर और चौड़ाई तीन मीटर है। इस पूरे ओवरब्रिज को नया किया जाएगा। टिनशेड नया डालने के बाद लोहे के कई एंगल बदले जाएंगे। प्लेटफार्म दो तक पहुंचने के लिए ओवरब्रिज का इस्तेमाल किया जाता है। ओवरब्रिज के सौंदर्यीकरण का कार्य गति शक्ति द्वारा कराया जा रहा है। चार दिन में मात्र एक ओर का टिनशेड बदला गया है। जबकि ओवरब्रिज के ऊपर वाले हिस्से का टिनशेड बदलने में कुछ अधिक समय लग सकता है। नया टिनशेड डालने के बाद ओवरब्रिज का निरीक्षण किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज की बदली जा रही टिनशेड।

प्लेटफार्म एक पर डाला गया नया टिनशेड। ● अमृत विचार

- **अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का चल रहा है काम**

रेलवे स्टेशन पर गति शक्ति द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है जो लगभग चार से पांच महीने तक चलेगा। दोनों प्लेटफार्म पर टिनशेड नया हो जाएगा। दो नंबर प्लेटफार्म पर यात्रियों को बैठने को बेंच बना दी गई हैं। इसके साथ ही टूटे फर्श को ठीक किया जाएगा। पेयजल और बिजली व्यवस्था भी नए सिरे से लगाई जानी है। पूरा सौंदर्यीकरण होने के बाद रेलवे स्टेशन देखने लायक होगा।
–**जाकिर अली**, आईडब्ल्यू

प्लेटफार्म एक का पूरा बदला गया टिनशेड

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कई दिन से पुराना टिनशेड हटाया जा रहा था उसके बाद अब पूरे प्लेटफार्म पर नया टिनशेड डाल दिया गया है। पुराने टिशेड का मलवा अभी जगह-जगह प्लेटफार्म पर ही इकट्ठा कर दिया गया है। प्लेटफार्म पर नया टिनशेड पड़ जाने से अब यात्रियों को बैठने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अब तक कुछ जगहों पर टिनशेड नहीं होने से यात्रियों को दिक्कत हो रही थी।

आसान होगा सफर, मुरादाबाद से बिल्सी होकर चली बस

लोगों की सुविधा के लिए पीतलनगरी डिपो ने बिल्सी होते हुए मैनपुरी तक शुरू की रोडवेज बस सेवा

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : तकरीबन 35 साल से बस अड्डा बनवाने की नगर बिल्सी के लोगों की मांग जल्द ही पूरी होने वाली है। बस अड्डा बनवाने का काम शुरू हो गया है। अब लोगों की सुविधा के लिए मुरादाबाद से कासगंज तक रोडवेज बस का संचालन शुरू किया गया है। यह रोडवेज बस बिल्सी होते हुए जाएगी। जिससे यहां के लोगों का बड़े शहरों तक का सफर आसान हो जाएगा। मंगलवार को समय सारिणी जारी कर दी गई है।

नगर बिल्सी के सामान्य लोग और व्यापारियों को सामान लेने के लिए अन्य जिलों में जाने में परेशानी होती है। जिसके चलते सभी लोग कई साल से बस अड्डा बनवाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय विधायक हरीश शाक्य ने उनकी मांग को शासन के समक्ष रखा। प्रस्ताव पास हुआ और बस अड्डा का निर्माण शुरू हो गया है लेकिन इससे पहले ही लोगों की सुविधा और निगम की आय बढ़ाने के लिए बिल्सी रूट पर एक रोडवेज बस का संचालन शुरू कर दिया गया है।

बिल्सी पहुंची पीतलनगरी की रोडवेज बस।

अब लोगों को कासगंज, बिसौली, चंदौसी, मुरादाबाद आने-जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। पीतलनगरी डिपो की रोडवेज बस चंदौसी, बिसौली, बिल्सी, कासगंज, एटा होते हुए मैनपुरी जाएगी। बस सुबह 10 बजे बिल्सी आएगी। वापसी में शाम सात बजे भी बिल्सी आएगी। रूट पर लोड फैक्टर अच्छा होने पर और बसें भी चलाई जाएंगी।

- बदायूं, मुरादाबाद और मैनपुरी के हजारों लोगों को बस सेवा शुरू होने से मिलेगा फायदा, बिल्सी के लोगों ने जताई खुशी

सहसवान के बस अड्डे का निरीक्षण करते एआरएम राजेश पाठक।

मुरादाबाद से संचालन	सुबह	07 :15 बजे
चंदौसी	सुबह	08 :30 बजे
बिल्सी	सुबह	10 :00 बजे
कासगंज	सुबह	11 :45 बजे
एटा	दोपहर	01 :00 बजे
मैनपुरी	दोपहर	02 :00 बजे
मैनपुरी से वापसी	**दोपहर**	**03 :00 बजे**
एटा	दोपहर	04 :30 बजे
कासगंज	शाम	05 :30 बजे
बिल्सी	शाम	07 :00 बजे
मुरादाबाद	रात	09 :30 बजे

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया सहसवान रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण

सहसवान। जिलाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर एआरएम राजेश पाठक, वरिष्ठ कोषाध्यक्ष धीरज सक्सेना, लिपिक जुल्फिकार कमर अहमद, प्रियंका ने सहसवान के खस्ताहाल रोडवेज बस अड्डा का निरीक्षण किया। रोडवेज बसें काफी समय से बस अड्डे पर नहीं आती हैं। नगर के लोग और राजनीतिक दल रोडवेज बस स्टैंड की मांग करते आ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एआरएम ने बताया कि यहां का बस स्टैंड कहीं और शिफ्ट किया जाएगा। नगर के बाहर की साइड में जगह होने पर वहा बस स्टैंड बनवाया जाएगा। उन्होंने एसडीएम प्रेमपाल सिंह को फोन करके जमीन को लेकर अवगत कराया। एसडीएम ने जल्द जमीन चिंह्नित करने की बात कही है।

कन्या सुमंगला योजना के तहत छह चरण में मिलेंगे 25 हजार रुपये

बदायूं, अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत धनराशि बढ़ा दी गई है। लाभार्थियों को पहले से बढ़कर धनराशि मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा।

आवेदन के दौरान पात्र आवेदक बच्ची का नवीनतम फोटो, उसका परिवार के साथ एक फोटो, जन्म या टीकाकरण का प्रमाण पत्र, माता-पिता के आधार कार्ड, वोटर आइडी, बैंक पासबुक की छायाप्रति और दस रुपये का स्टांप देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी को छह चरण में 25 हजार रुपये मिलेंगे। बालिका के जन्म पर पांच हजार, एक साल तक टीकारण पूरा होने पर दो हजार, कक्षा एक में प्रवेश लेने पर तीन हजार, कक्षा छह में प्रवेश के बाद तीन हजार रुपये के बाद कक्षा नौ में प्रवेश लेने पर पांच हजार रुपये, 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक, डिग्री या कम से कम दो साल के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर सात हजार रुपये दिए जाएंगे।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

सहसवान। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कश्मीर में तीर्थ यात्रियों पर हुए आतंकी हमले पर आक्रोश जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मृतक श्रद्धालुओं के परिजनों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और सुरक्षा दिलाने की मांग की है। सभी कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया है। हमले में 10 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 32 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी ने मांग की है कि घायलों को 10-10 लाख रुपये दिए जाएं। नगर उपाध्यक्ष मयंक, रोहित, हर्षित, गौरव, अक्षत सक्सेना, अनिल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी हकलाना/तुतलाना आदिरम
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर बांटी मिठाई

उसहैत, अमृत विचार : देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को धीरज गुप्ता के आवास पर हुआ। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने जीत को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में अजय प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, धीरज गुप्ता, मुकेश कुमार, शिव प्रसाद, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समिति ने 51 पौधे लगाकर किया अभियान का समापन

बिल्सी, अमृत विचार : अरिहंत वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सात दिवसीय विशेष वन सप्ताह के अंतिम दिन मुरादाबाद से आए समाजसेवी नरेंद्र कुमार जैन ने यहां पौधरोपण कर पर्यावरण मित्रों को सम्मानित कर अभियान का समापन किया। समिति संस्थापक प्रशान्त जैन ने बताया कि समिति विगत छह वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिसके तहत अभी तक लगभग पचास हजार पौधे रोपे जा चुके हैं। समिति के सदस्यों व जैन मिलन बिल्सी के सदस्यों ने भी सहभागिता करते हुए मौलसिरी, सागौन, अशोक, अमलतास, नीम, अर्जुन, आम, शीशम सहित करीब दो दर्जन से अधिक प्रजातियों के 51 पौधे लगाए। साथ ही उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। मृगांक कुमार जैन, नीरेश जैन, शिवांक दीक्षित, वंश गिरी, ग्रीश शर्मा, अमन गिरी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निकाली धन्यवाद यात्रा, जीत पर दी बधाई

धन्यवाद यात्रा के दौरान लोगों से बात करते जिलाध्यक्ष ओकार सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के निर्देशन पर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में बदायूं विधानसभा में धन्यवाद यात्रा निकाली गयी। यात्रा ग्राम औरंगाबाद माफी से शुरू होकर ब्योर में सम्पन्न हुई।

जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा यूपी की जनता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ी है। उन पर भरोसा जताया और यूपी में शानदार जीत दिलाई। अयोध्या से भी भाजपा का हारना भाजपा की नाकामी एवं झूठ को जनता ने पहचाना है। जितेंद कश्यप, जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीरेश तोमर, संगठन मंत्री बाबू चौधरी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोरध्वज राजपूत, विरासत अली, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ब्रह्मदेव, शकील भाई, सिराज भाई महेंद्र कुमार, ओम कुमार पाल सर्वेश, प्रीतपाल जयशंकर सिंह सुरेंद्र कुमार आदि रहे।

हेमेन्द्र गौतम और रवि मौर्य को बनाया बदायूं का बसपा प्रभारी

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बरेली लोकसभा सीटसे पर्चा खारिज होने के बाद आंवला, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर में पार्टी का उम्मीदवार खड़ा था लेकिन एक भी उम्मीदवार मुकाबले में नहीं रहा। यहां तके की उनकी जमानत जब्त हो गई। खराब प्रदर्शन के बाद बसपा की तरफ से अब संगठन में बदलाव शुरू कर दिए गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर मुकेश सागर और सतपाल गौतम को बरेली जिले, बदायूं जिले में हेमेन्द्र गौतम और रवि मौर्य को प्रभारी बनाया गया है। पीलीभीत में मुन्ना लाल कश्यप और राम सनेही गौतम को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही शाहजहांपुर जिले में बलकरन गौतम व विजय वर्मा को प्रभारी बनाया गया है। जल्द ही अन्य पदाधिकारियों के पदों में भी फेरबदल किया जा सकता है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

सार-संक्षेप

अपराध निरोधक कमेटी की बैठक में विस्तार पर दिया जोर

सहसवान। जिला अपराध निरोधक कमेटी की बैठक समाजसेवी आरके सक्सेना उर्फ राय साहब के संरक्षण व डॉ. मौसम अली की अध्यक्षता में संस्था के विस्तार हेतु आयोजित की गई। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारी जमील खां, शमसुद्दीन शम्स और नेत्रपाल सिंह सैलानी का स्वागत किया गया। बैठक में अनिक के सह सचिव जमील खां ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में संस्था से जुड़कर अपराध विहीन समाज की स्थापना के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया। ज़िला अपराध निरोधक कमेटी के प्रभारी मुहम्मद शमसुद्दीन शम्स ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला। कमेटी द्वारा की जाने वाले कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन नेत्रपाल सिंह सैलानी ने किया। इस मौके पर बदर अहमद को सहसवान तहसील में कमेटी की शाखा गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी। महमूद अली, मोहम्मद सलीम, मुजरिया थाना निवासी अशफाक अली, अशरफ अली आदि को सदस्यता ग्रहण कराई गई।

मांगें पूरी न होने पर किया जाएगा प्रदर्शन

बगरैन। पत्रकारों पर हो रहे हमले और उनकी सुनवाई न होने पर ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन (आइरा) ने रोष जताया है। मीडिया कर्मी न होने के बाद भी कुछ लोग वाहनों पर प्रेस लिखाकर लोगों पर रौब झाड़ रहे हैं। इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए मंगलवार को डीएम व एसएसपी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिसौली को दिया। जिलाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने कहा कि संगठन 17 जनू को दातागंज और 17 को बिल्सी में प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, दीपक वार्ष्णेय, राशिद खान, माजिद खान, आदित्य भदौरिया, सुमित कुमार, मोहित कुमार, पवन चौहान, मिथुन सक्सेना, नसीरुद्दीन, सर्वेश उपाध्याय, प्रेम कमल वार्ष्णेय, आइएम खान, ज्ञान सिंह, विनायक मिश्रा, अवधेश कुमार, नीलेश ठाकुर, इकरार अली आदि रहे।

खौंसारा मंदिर पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

बिल्सी। क्षेत्र गांव खौंसारा स्थित बालाजी बलदेव धाम पर तीसरे बड़े मंगलवार पर यहां भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कराया गया। आचार्य ललतेश शर्मा ने बताया कि कलयुग में लोगों को अगर रोग तथा कष्टों से मुक्ति चाहिए तो घर-घर सुंदरकांड पाठ करना पड़ेगा। इससे पहले यहां रुद्राभिषेक कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। बाद में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया और दोपहर बाद यहां एक भंडारा आयोजित किया गया।

बिसौली क्रिकेट क्लब ने नाइट टूर्नामेंट जीता

विजेता टीम को ट्रॉफी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : आसफपुर दूनपुर में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल बिसौली क्रिकेट क्लब बिसौली और संग्रामपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बिसौली क्रिकेट क्लब ने गेदबाजी करते हुए संग्रामपुर को 12 ओवर में 77 रनों पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिसौली क्रिकेट क्लब की टीम ने छह ओवर में 78 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार अमन सक्सेना को मिला। इस मौके पर अनमोल कटिया, गोपाल मौर्य, योगी मौर्य, राजू कोहली, राजू पाल, अनमोल मिश्रा, राजेंद्र दिवाकर, पवन ठाकुर, श्याम यादव रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

नगर पालिका अध्यक्ष ने दिए सफाई के निर्देश

सफाई व्यवस्था देखते नगर पालिका कर्मी।

दातागंज, अमृत विचार : नगर पालिका अध्यक्ष नैना ने ईओ को प्रति दिन कस्बे में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने और सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये हैं। चेयरमैन ने ऐसे स्थान चिन्हित करने निर्देश दिए जहां पर नाले - नालियों चोक हो जाते हैं और जलभराव की स्थिति बन जाती है। उन्होंने मोहल्ला अरेला में चल रहे नाला निर्माण बरसात से पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। पालिका कर्मियों को प्रतिदिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर ईओ को रिपोर्ट देने को कहा। नगर में सफाई हर दिन होनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिलेगी।

42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.19 | सूर्यास्त 7.12

शहर में आज

- जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा डीएम को ज्ञापन सुबह 10 बजे ।
- राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की धन्यवाद यात्रा का शहर के सोरों गेट स्थित बीएबी इंटर कॉलेज में सुबह 11 बजे से।
- सात दिवसीय बौद्ध कथा का वाचन पटियाली के गांव रुस्तमपुर में दोपहर 12 बजे से
- सशक्त नारी माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा शहर के गंगा देवी माहेश्वरी भवन में रंगोली सजाओ प्रतियोगिता शाम चार बजे।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

लोन देने के नाम पर लोगों के लाखों हड़पे

संस्था संचालकों ने 14 लोगों से 10-10 हजार रुपये लिए थे, अब दे रहे धमकी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: सरकार की सख्ती के बावजूद कंपनी संचालक गरीबों के खून पसीने की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। एक संस्था के संचालकों ने लोन देने के नाम पर लोगों के लाखों रुपये हड़प लिए। आरोप है कि पीड़ितों ने रकम लौटाने को कहा तो संस्था संचालकों ने गाली गलौज कर धमका दिया। इससे आक्रोशित पीड़ितों ने मंगलवार को संस्था के रिकवरी एजेंट को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ितों की ओर से इस मामले में तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ितों ने बताया कि एक संस्था लोगों को ऋण देने का काम करती है। ऋण देने के बाद 10 फीसदी ब्याज लगाकर वसूली की जाती है। पीड़ितों का कहना है कि संथा संचालकों ने महेशपुर जखेरा गांव के 14 लोगों को एक–एक लाख रुपये ऋण देने का वायदा किया था। इसके बदले उनसे दस- दस हजार रुपये लिए गए थे। मगर अभी तक उन्हें लोन नहीं मिला।

मंगलवार को संस्था का रिकवरी एजेंट जिला बदायूं के बिसौली निवासी उपेंद्र सिंह अन्य महिलाओं से पहले दिए गए लोन की रिकवरी के लिए पहुंचा। उसे देखते ही ठगी की शिकार महिलाओं ने घेर लिया और हंगामा शुरू कर दिया। महिलाएं अपनी रकम वापस मांग रही थीं। इस पर रिकवरी एजेंट ने महिलाओं से अभद्रता की और उन्हें जाति सूचक गालियां दीं। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को सूचना दे दी गई, जिससे पुलिस मौके पर जा पहुंची। इस पर महिलाओं ने रिकवरी एजेंट को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

थाना ढोलना में तहरीर देने पहुंचे पीड़ित ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **पीड़ितों ने कंपनी के रिकवरी एजेंट को पकड़कर पुलिस के हवाले किया**

ये ग्रामीण हुए जालसाजी का शिकार

पुष्पा देवी, सुनीता,कमलेश देवी, सरोज देवी, किरन देवी, नारायण देवी, मीरा देवी, ज्योती, ओमा देवी, रुप किशोर, मनोज, सतेंद्र, शाहरुख, सुनील हैं।

इस मामले की तहरीर प्राप्त हुई है। गांव महेशपुर जखेरा के ग्रामीणों ने समस्था संस्था ग्रुप लोन पर ठगी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – **ब्रह्मप्रकाश**, क्राइम इंस्पेक्टर थाना ढोलना

गंगा पूजन, संत प्रवचन और प्राण प्रतिष्ठा 14 को

सोरोंजी, अमृत विचार : तीर्थ नगरी के योग मार्ग स्थित श्री महेश दयानंद सोहम संत धाम में गंगा दशहरा के अवसर पर 14 से 16 जून तक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजक स्वामी श्याम शरणानंद महाराज ने बताया कि मां गंगा का अवतरण दिवस दशहरा प्राणी को सभी पापों से मुक्त कराकर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करता है। तीर्थ नगरी की वराह की पवित्र स्थली में प्राणी को स्नान एवं दान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि धाम में तीन दिवसीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

जिसमें 14 जून को सुबह 10 बजे गंगा पूजन व अष्टमी भंडारा, 15 को सुबह सात बजे संतों की नगर शोभायात्रा एवं पूर्वाह्न 11 बजे हरि की पौड़ी में स्नान, 12 बजे यज्ञ अनुष्ठान, दोपहर एक बजे भंडारा, शाम 6.30 बजे संत प्रवचन सत्संग होगा। अगले दिन 16 जून को सुबह सात बजे ब्रह्मलीन स्वामी दयानंद शास्त्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, विग्रह अनावरण होगा।

साहब! कैसे पालें परिवार, ई रिक्शा नहीं चलने दे रहे दबंग

दबंगों के खिलाफ शिकायत करने डीएम कार्यालय पहुंचे ई–रिक्शा चालक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सवारियां भरने पर करते हैं गाली गलौज और मारपीट**
- **ई-रिक्शा चालकों ने डीएम-एसपी से लगाई मदद की गुहार**

अमृत विचार : तीर्थ नगरी सोरों में ई-रिक्शा चालक दबंगों से परेशान है। परेशान होकर ई-रिक्शा चालकों ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय जाकर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ई-रिक्शा चालकों का आरोप है कि इस मामले में सोरों कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

मंगलवार दोपहर करीब एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा चालक एसपी अपर्णा रजत कौशिक और डीएम सुधा वर्मा से मिले और उन्हें एक प्रार्थना पत्र दिया। ई-रिक्शा चालकों ने बताया कि वे सोरों कछला गेट से कछला गंगा घाट तक ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनकी कमाई का इकलौता जरिया ई-रिक्शा है। कस्बे के दो दबंग ठेकेदार उनके ई-रिक्शा को नहीं चलने दे रहे हैं। सवारियां भरने पर ई-रिक्शा चालकों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। ई रिक्शा को नुकसान पहुंचाया दिया जाता है। कई बार सोरों कोतवाली पुलिस से इसकी शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

डीएम-एसपी से मिलने वालों में जुगल किशोर, रवि मौर्य, रजत कुमार, फारुख, विजेंद्र, शिव कुमार, रक्षपाल सिंह, अरुन कुमार, मनोज, रामू कश्यप, लेखराज, जितेंद्र सिंह श्रीपाल, विपिन कुमार आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

मनमानी फीस वसूल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक

कासगंज। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने मंगलवार को डीएम सुधा वर्मा से मुलाकात की और उन्हें एक पत्र सौंपा। उन्होंने पत्र में लिखा के जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर मरीजों से मनमानी रकम वूसली जा रही है। जिससे गरीब तबके के लोग परेशान है। कोई 800 रुपये में अल्ट्रासाउंड कर रहा था, तो किसी ने एक हजार से 12 सौ रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इसलिए सेंटरों पर अल्ट्रासाउंड की फीस को निर्धारित की जाए, जो कम से कम हो। उन्होंने बताया अल्ट्रासाउंड केंद्र मरीज को भेजने वाले डाक्टर 400 से 500 रुपये तक कमीशन होती है। इस कमीशन पर तत्काल रोक लगाई जाए। अगर कमीशन बंद हो जाती है तो निश्चित ही अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पैसे कम लगेंगे और मरीज आसानी से अपना अल्ट्रासाउंड कराकर उपचार करा सकता है।

जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज

कासगंज। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल एवं चयन फरीदनगर सोरों जी स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम पर बुधवार को आयोजित किया जाएगा। जिन बालक एवं बालिकाओं का जन्म 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2010 के मध्य हुआ है, इस प्रतियोगिता के लिए मान्य होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की मूल एवं छाया प्रति लाना अनिवार्य है। जिला स्तरीय ट्रायल 12 जून बुधवार को अपराह्न 3 बजे से सोरों स्टेडियम और मंडल स्तरीय ट्रायल व चयन 13 जून को सुबह 9 बजे से अलीगढ़ स्टेडियम में होगा। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रदेश स्तरीय आयोजन 19 से 26 जून तक किया जाएगा। बालक वर्ग के खिलाड़ियों के लिए सहारनपुर और बालिकाओं के लिए प्रदेश स्तरीय आयोजन मऊ में किया जाएगा।

तमंचा लहराकर डांस करने वाला गिरफ्तार

कासगंज। एक युवक को तमंचा लहराकर डीजे पर डांस करना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। एक युवक ने बीते दिनों हाथ में तमंचा लेकर डीजे पर डांस करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया था। यह मामला संज्ञान में आने पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक युवक की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की छानबीन के दौरान युवक की पहचान छोटेलाल यादव निवासी ग्राम मझोला थाना अमांपुर के रूप में हुई। सीओ जाहिदा नसरीन के निर्देशन में मंगलवार को पुलिस ने छोटेलाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौर ने बताया कि पूछताछ के बाद युवक का चालान कर दिया गया।

फेसबुक पर श्रीराम पर की अभद्र टिप्पणी

कासगंज। सोरों विकास खंड के गांव कादरवाड़ी के बजरंग दल संयोजक की फेसबुक आईडी के कमेंट बॉक्स में एक युवक ने श्रीराम और कश्मीर को लेकर अभद्र टिप्पणी की है। इस पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मंगलवार को गांव कादरवाड़ी निवासी राजठाकुर को बजरंग दल का संयोजक बनाया गया था।यह पोस्ट उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी पर डाली थी। कमेंट बॉक्स में लोगों ने उस पर तरह–तरह की टिप्पणियां कीं। आरोप है कि गांव डबराबाद निवासी खालिद ने संयोजक की पोस्ट पर कमेंट बॉक्स पर टिप्पणी करते हुए श्रीराम और कश्मीर को लेकर अभद्र टिप्पणी की। इस मामले में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने इसे सनातन धर्म का अपमान बताते हुए सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इनमें राज भैरव महेरे, उदय विशिष्ठ, गौरव ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल

कासगंज। थाना ढोलना क्षेत्र के गांव भूपाल गढ़ी के समीप दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इनमें प्रियांश पुत्र यतेंद्र, वसु पुत्र अवधेश और रेशमा पत्नी रूम सिंह हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान 202 वाहनों का चालान

मथुरा–बरेली हाईवे पर बिना हेलमेट बाइक सवार को रोकते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृ विचार : यातायात पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर 202 वाहनों के चालान किए गए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में शहर के मालगोदाम रोड, अमांपुर रोड, बिलराम गेट चौराहा, राज कोल्ड स्टोर तिराहे, रोडवेज बस स्टैंड और तीर्थ नगरी सोरों में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान बाइकों के मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रिंक एंड ड्राइव, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने पर 202 वाहनों के ऑनलाइन चालान किए गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस ने ओवर स्पीड से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल व ईयर फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया।

नीट का पेपर लीक होने के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : नीट का पेपर लीक होने के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। ज्ञापन में लीक पेपर को निरस्त कर जांच कर कार्रवाई किए जाने मांग की है। आप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

मंगलवार सुबह आम आदमी पार्टी के दर्जन भर पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि नीट परीक्षा देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। इसका पेपर लीक होना सरकार की नाकामी को साबित करता है।

धरना–प्रदर्शन के बाद डीएम को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता।

- **आप कार्यकर्ता बोले- सरकार अभ्यार्थियों के भविष्य से कर रही खिलवाड़**

सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इस सरकार में प्रत्येक पेपर लीक हो रहा है।

नीट की परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आने वाले दिन चार जून को परिणाम घोषित कर दिया गया। कौन सा गुनाह छिपाने के लिए रिजल्ट घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिए गए हैं। इनमें एक ही कोचिंग के कई बच्चे शामिल हैं। इसकी सरकार को जांच करानी चाहिए। यह सीधे विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ है। इनमें संतोष राजपूत, तारा सिंह, प्रदीप कुमार, उमेश सिंह, अमर पाल सिंह, विशाल, रामसिंह कश्यप, मुन्नी देवी, मनोज कश्यप, चंद्रवीर सिंह आदि शामिल रहे।

विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना संचालित

कासगंज। उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान भास्कर ने बताया कि विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना संचालित है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 20 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं 20 दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार दिए जाएंगे। जिले के हस्तशिल्पियों एवं कारीगर पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों सहित आवेदन पत्र सात जुलाई तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कासगंज में उपलब्ध करा दें।

मधुमक्खी पालकों से नहीं ले रहे शहद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: मधुमक्खी पालकों से कंपनियां शहद नहीं खरीद रही हैं। इसको लेकर मधुमक्खी पालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम को ज्ञापन सौंपा और मदद की गुहार लगाई है।

मंगलवार को मधु क्रांति बी फार्मर्स सोसाइटी के बैनर तले मधुमक्खी पालकों ने इकट्ठे होकर शहद न खरीदने वाली कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम सुधा वर्मा को दिया। ज्ञापन में मधुमक्खी पालकों ने बताया कि बाजार में धड़ल्ले से मिलावटी शहद बिक रहा है।

शुद्ध शहद न तो बाजार में बिक रहा, और ना ही कंपनियों खरीद रही हैं। पिछले तीन महीने से खरीददारी बंद कर दी गई है। इससे मधुमक्खी पालक बुरे वक्त से गुजर रहे हैं। प्रधानमंत्री की प्रिय योजना स्वीट क्रांति 50 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो 100 फीसदी खत्म होना तय है। अगर ऐसा हुआ तो देश में पॉलिनेशन के लिए मधुमक्खी नहीं होंगी। देश के किसानों की फसलों के उत्पादन के लिए 20 से 30 प्रतिशत पैदावार कम हो जाएगी। इसलिए शहद की खरीद कराई जाए। इनमें प्रेमपाल सिंह, राजकुमार, मौनी सैफी, धर्मपाल सैनी, सुंदर कश्यप आदि मौजूद रहे।

डीएम को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे मधुमक्खी पालक। ● अमृत विचार

- **डीएम को ज्ञापन देकर लगाई मदद की गुहार**

गंगा दशहरा पर धार्मिक अनुष्ठानों की रहेगी धूम

संवाददाता, सोरों

- **14 से 16 जून तक आयोजित होंगे कार्यक्रम, तैयारी तेज**

अमृत विचार: गंगा दशहरा पर तीर्थ नगरी के योग मार्ग स्थित महेश दयानंद सोहम संत धाम में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। 14 से 16 जून तक कार्यक्रम होंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर आयोजकों ने जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम आयोजक स्वामी श्याम शरणानंद महाराज ने कहा कि मां गंगा का अवतरण दिवस दशहरा प्राणी को सभी पापों से मुक्त दिलाकर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्रदान करता है। ऐसे पवित्र गंगा दशहरा पर्व पर पाप मोचन तीर्थ भगवान वराह की पवित्र स्थली में प्राणी को स्नान व दान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर संत धाम में तीन दिवसीय कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 14 जून को सुबह 10 बजे गंगा पूजन व अष्टमी भंडारा, 15 जून को सुबह 7 बजे संतों की नगर शोभायात्रा होगी। पूर्वाह्न 11 बजे हरि की पौड़ी में स्नान, 12 बजे यज्ञ अनुष्ठान, दोपहर 1 बजे भंडारा, शाम 6.30 बजे संत प्रवचन सत्संग होगा। 16 को सुबह 7 बजे ब्रह्मलीन स्वामी दयानंद शास्त्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, विग्रह अनावरण व गंगा स्नान के कार्यक्रम तथा दोपहर 12.30 बजे से भंडारा होगा। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम में सहभागिता करने के लिए बाहर से आने वाले संत व भक्तों के लिए संत धाम में ही रुकने की व्यवस्था की गई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपने पुत्र संजय व पुत्रवधू रजनी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **लुईस पत्नी स्व. कल्लू निवासी मो. कबूलपुरा थाना कोतवाली शहर व जिला बदायूं**

सूचना

मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक संख्या 974372 वर्ष 1979 व इन्टर का प्रमाण जिसका अनुक्रमांक 131720 वर्ष 1981 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिले। **मेघराज पुत्र श्री ननकू निवासी– कृष्णा नगर जिला बरेली**

सूचना

मैं सृष्टि सिंह पुत्री श्री हितेन्द्र सिंह, निवासी– 21, गंगा त्रिवेनी, कर्मचारी नगर, इज्जतनगर, बरेली सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा विवाह दिनांक 24.02.2024 को मानस अग्रवाल पुत्र डॉ अरविन्द कुमार अग्रवाल, निवासी–140 जनकपुरी, इज्जतनगर, बरेली के साथ सम्पन्न हो गया है। विवाह से पूर्व मेरा नाम सृष्टि सिंह था अत: शादी के बाद अब मैं सृष्टि अग्रवाल पत्नी मानस अग्रवाल के नाम से जानी व पहचानी जाऊँगी।

सूचना

मैं कौशाम्बी (दिल्ली) से बरेली सैटेलाइट आ रहा था रास्ते में मेरा बैग जिसमें मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0907366 वर्ष 2010 एवं इन्टरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 0675423 वर्ष 2012 बी.टेक की डिग्री अनुक्रमांक 12CH21 वर्ष 2017 एवं एम.टेक की मार्कशीट एंड सर्टिफिकेट I,II Sem. अनुक्रमांक 19CHE212 सत्र 2019–21 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने पर नहीं मिले। **कुलदीप पुत्र श्री नत्थू लाल पता:– ग्राम वारीनगला पो. उमरसिया, बरेली (उ.प्र.) मो. 8394835426**

सूचना

मैने अपने पुत्र राजेश पुत्र श्री गंगाराम को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **नहीं पत्नी गंगाराम निवासी 29, गुलाबनगर, थाना प्रेमनगर, जिला बरेली**

आवश्यकता है

विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
आई.टी.बी.पी. (बुखारा मोड़) लालफाटक रोड, बरेली
मो. 9695554511, 8107547973, 9760950306
हमारे यहां पर अर्जेंट जॉब खाली हैं!
रिसेप्शनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, लैब कलैक्शन स्टॉफ, एक्सरे टेक्नीशियन
सैलरी 5000/– से 15000/– तक योग्यतानुसार
अति शीघ्र सम्पर्क करें!!!

वैधानिक सूचना :– समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

प्रवेश प्रारम्भ
BIU CHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

जनता के सुख-दुख में हमेशा रहूंगा साथ: देवेश शाक्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: एटा लोकसभा से निर्वाचित सांसद देवेश शाक्य का मंगलवार को सपा और गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं जोरदार स्वागत किया। शहर के अमांपुर रोड स्थित एक गार्डन में हुए कार्यक्रम में सपा सांसद ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता के हर सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगे। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं, कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान सपा सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि एटा-कासगंज की जनता ने जिस भरोसे के साथ मुझे संसद तक पहुंचाया है। मैं उनका ऋणी हूं, और इस ऋण को क्षेत्र का विकास कराकर ब्याज सहित उतारुंगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा इंडिया घटक दलों के सभी कार्यकर्ताओं ने जिस मेहनत के साथ चुनाव लड़ाया। इसके लिए मैं आभारी हैं। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान से कभी खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। देवेश शाक्य ने कहा कि क्षेत्र की जनता सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगे।

इस दौरान देव प्रकाश लोधी, विक्रम सिंह यादव, बीरेंद्र सिंह सोलंकी, प्रवेंद्र राना,हसरत उल्ला शेरवानी, अदनान मियां, डा. महाराज सिंह, सत्यभान सिंह शाक्य, विनय शाक्य, कृष्णा ठाकुर, महाराज सिंह बघेल, रनसिंह, विनोद बघेल,धर्मेंद्र, पुष्पेंद्र यादव, उमेश चंद्रा, ओमशिव मिश्रा, चाहत मिंया, लक्ष्मण सिंह यादव, संतोष यादव, अभिनाश राजपूत आदि रहे।

मिरहची। यहां भी एटा सांसद देवेश शाक्य का गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नए सांसद ने कहा कि जिले का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उनका पूरा प्रयास है कि सरकार से जो भी बजट स्वीकृत होगा, उसे एटा-कासगंज जिले के विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के बीच अधिक से अधिक समय देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए जनता की बीच जा रहा हूं।

नवनिर्वाचित सांसद देवेश शाक्य का फूल माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **सपा सांसद ने मतदाताओं का जताया आभार, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

कार्यालय ग्राम पंचायत टोडरपुर ब्लॉक खुटार, शाहजहाँपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के अनुसार 15वें वित्त, केंद्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में ठोस तरल अवशिष्ट, फिल्टर चेम्बर, आर आर सी सेंटर, सिल्ट कैचर, खाद गड्ढा, सी सी रोड निर्माण/मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण/मरम्मत, नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा निर्माण/ मरम्मत मिट्टी भराव कायर्स, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, स्थापना /मरम्मत, सोलर लाइट स्थापना/मरम्मत , हैंडपम्प रिबोर,/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, शौचालय घर निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, स्कूल की बालबाउंड्री कार्य, सामुदायिक शौचालय का निर्माण/मरम्मत कार्य, शमशान घाट निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, ठेली क्रय/मरम्मत , सैनिटाइजर क्रय, मास्क क्रय, ब्लीचिंग पाउडर क्रय, दिव्यांग शौचालय , स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य , आंगनबाड़ी केंद्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत कार्य पंचायत घर का निर्माण , पशु शेड निर्माण, सोक पिट, डैंप कम्पोस्ट खाद के गड्ढे का निर्माण, पानी की टंकी निर्माण, वाटर हावेस्टिंग आदि तमामा कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। उक्त वर्णित कार्य के लिए क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट रोड़ी/रोड़ा सीमेंट, मौरंग , रेता बजरी, लोहा, टाइल्स, पाइप , टोंटी, प्रचार -प्रसार हेतु बोर्ड, बैनर, स्टे शनरी , पटान हेतु मिट्टी/राख , ठेली सफाईकर्मी के लिए पीपीई किट, मास्क, मैनिटाइजर, फागिंग सफाई किट, कूड़ादान , डेस्कटॉप , प्रिंटर, स्टे बलाइजर, बैटरी, माइक व अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2 बजे तक दिनांक 18.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

प्रधान-बलजीतकौर **सचिव-प्रशान्त यादव**

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली)

पत्रांक-कृ.उ.म.स./2024-383 दिनांक : 11.06.2024

कैन्टीन नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति आँवला (बरेली) में निर्मित कैन्टीन माह 01.07.2024 से 30.06.2025 तक के लिए खुली नीलामी दिनांक 26.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी समिति ऑवला के सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म मण्डी समिति आँवला कार्यालय से रु. 295.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर रु. 25000.00 (पच्चीस हजार मात्र) का नकद/बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक दिनांक 25.06. 2024 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति आँवला के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दे। कैन्टीन नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है। सभी धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी।

खडविन्द प्रकाश
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति आंवला (बरेली)

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी विकास खण्ड भदपुरा (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी, विकास खण्ड भदपुरा (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से सी. सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी, शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन एवं निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण,पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग,सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी. आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को 1:00 बजे खोला जाएगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-रूचि कन्नौजिया **सचिव-उमेश चन्द्र गंगवार**

कार्यालय ग्राम पंचायत भूड़ा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा सूचना

पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के वर्ष 2024-25 की कार्य योजना में पन्द्रहवां वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग तथा मनरेगा SLWM की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, नव नाली निर्माण/नाली मरम्मत, खड़ंजा मरम्मत, मिट्टी कार्य फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर/अनुरक्षण, हयूम पाइप क्रय, सी.एस. केन्द्र निर्माण कार्य, गौशाला निर्माण, अमृत सरोवर, वॉल पेन्टिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण, शोकपिट, नाडेप कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवाल, खाद के पक्के गड्ढ़ों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेन्ट, मोरंग, रेत, बजरी, लोहा, टाईल्स, पाईप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, बैट्री, इन्वर्टर, कुर्सी मेजर, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी/राख, सैनेटाईजिंग व फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली/मरम्मत, स्प्रे मशीन / सफाई किट /मास्क क्रय एवं पीपीआई किट एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दिनांक 15.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 16.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-गुलशन **सचिव-शिखर गुप्ता**

कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-महेंद्र पाल **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी. एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण, हैंण्ड पम्प एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-कुंती चौहान **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरावा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिमरावा, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी. एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 14.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-अनवरी बेगम उर्फ हाजरा **सचिव-ए.पी. त्यागी**

कार्यालय ग्राम पंचायत गहलुइया, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गहलुइया, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी. एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-हरेंद्र कुमार **सचिव-श्री कृष्ण**

कार्यालय ग्राम पंचायत शरीफनगर, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 दिनांक 11.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

